## महत्वपूर्ण एवं खास

### गैर राशनकार्ड धारी परिवारों को राशन के पैकेट लॉकडाउन अवधि में वितरित

**रायपुर (आरएनएस)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के एमआईसी सदस्य एवं दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद सुन्दर जोगी ने वार्ड नम्बर 26 के गैर राशनकार्ड धारी परिवारों को उनके आधार कार्ड के आधार पर राशन के पैकेट लॉकडाउन अवधि में वितरित करवाये। उक्त कार्यवाही नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 की टीम के माध्यम से वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री जोगी की अगुवाई में राज्य शासन एवं मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया की समाजहितैषी मंशा के अनुरूप नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के निर्देश पर की गयी।

### कोरोना संक्रमण की चपेट में आए डीएसपी की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना महामारी की चपेट में आकर फिर से एक कोरोना योद्धा की जान चली गई है, डीएसपी आदित्य हीराधर का कोरोना से निधन हो गया है, रायपुर सीआईडी पुलिस मुख्यालय में ये पदस्थ थे, आज सुबह बिलासपुर के निजी अस्पताल में निधन हुआ है। गौरतलब हो कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के कारण अब तक कई पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है, प्रदेश में कोरोना संक्रमण के कारण बीते एक महीने से भी अधिक समय से जिलेवार लॉकडाउन लागू किया गया है, जिससे कि इस महामारी के संक्रमण की रोकथाम की जा सके। इस दौरान पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जो कि अपनी जान खतरे में डाल कर जनता के लिए सुरक्षा व्यवस्था में सहभागी बनते हैं।

### प्रदेश में कोरोना जांच का नया रिकॉर्ड, एक ही दिन में 64 हजार से अधिक सैंपलों की जांच

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए प्रदेश में 10 मई को रिकॉर्ड 64 हजार 809 सैंपलों की जांच की गई है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की शुरूआत के बाद से एक दिन में यह सर्वाधिक संख्या में सैंपलों की जांच है। 10 मई को दुर्ग संभाग के पांच जिलों में 9993, रायपुर संभाग के पांच जिलों में 12 हजार 125, बिलासपुर संभाग के छह जिलों में 17 हजार 049, सरगुजा संभाग के पांच जिलों में 14 हजार 418 तथा बस्तर संभाग के सात जिलों में 11 हजार 494 सैंपलों की जांच की गई है।

### ईरकभट्टी बम विस्फोट की घटना में शामिल एक नक्सली को गिरफ्तार

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी एवं पुलिस पार्टी द्वारा नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान ग्राम ईरकभट्टी में दबिश देकर एक नक्सली सन्नु पोटाई पिता स्व. कोसा राम पोटाई उम्र 28 वर्ष जाति माड़िया निवासी ईरकभट्टी थाना कोहकामेटा ईरकभट्टी जनताना सरकार सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ करने पर बताया कि 30 अक्टूबर 2020 को थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत ईरकभट्टी रोड में पुलिस पार्टी पर बम विस्फोट करने की घटना जिसमें आईटीबीपी का एक जवान घायल हो गया था, जिसमें शामिल होना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त नक्सली के विरूद्ध नारायणपुर पुलिस के द्वारा 10 हजार रूपये को ईनाम घोषित किया गया था।

# गांवों में गाइडलाइन्स का अनिवार्य रूप से करवाएं पालन-कलेक्टर

## गोधन न्याय योजना अंतर्गत पशुपालकों को शत-प्रतिशत भुगतान करने वाला प्रदेश में पहला जिला बना रायगढ़

### » कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़ ।** ग्रामीण इलाकों में कोविड केसेस की सघन मॉनिटरिंग करनी है। जिन गांवों में पॉजिटिव केसेस ज्यादा हैं वहां कोविड गाइडलाइन्स और कन्टेनमेंट नियमों का सख्ती से पालन करवाना है। गांवों को क्लस्टर के रूप में विकसित नहीं होने देना है। जिससे संक्रमण विस्तार को रोका जा सके। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक के दौरान सभी एसडीएम से कही। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में ज्यादा केसेस आ रहे हैं उसकी पहचान कर वहां टेस्टिंग में विशेष ध्यान दें। इसके साथ दवाइयों का वितरण और अन्य दिशा निर्देशों का पूरी तरीके से पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम से उनके क्षेत्र अंतर्गत अधिक प्रभावित गांवों के विषय पर चर्चा की व संक्रमण के रोकथाम के लिए कोविड के साथ विवाह, दशकर्म व सामाजिक आयोजनों से जुड़े गाइडलाइन्स का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने चपले में शुरू किए गए कोविड केयर सेंटर में गत दिवस समीक्षा बैठक के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल द्वारा दिये गए निर्देशानुसार बेड की संख्या 50 तक बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके लिए सिलेंडर्स के साथ अन्य सभी आवश्यक संसाधनों का प्रबंध करने के लिए कहा। इसके साथ ही धरमजयगढ़ में भी 50 ऑक्सीजन बेड की सुविधा वाला कोविड केयर सेंटर जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। सारंगढ़ के मंगल भवन में भी 20 ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाने के लिए फ्लोमीटर उपलब्ध कराने के लिए कहा। इसी प्रकार पूंजीपथरा में भी 150 बेडेड आइसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश एसडीएम घरघोड़ा को दिए।

कलेक्टर सिंह ने नर्सिंग व मेडिकल स्टाफ की भर्ती पूरी करते हुए जॉइनिंग करने वालों की ड्यूटी कोविड अस्पतालों में लगाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि आज 50 बाईपेप मशीनें आ जाएंगी। जिन्हें मेडिकल कॉलेज, एमसीएच और केआईटी के साथ ही विकासखंडों में तैयार किये गए कोविड केयर सेंटर्स में भी दिया जाएगा। उन्होंने जिला स्तर से क्रय किये जा रहे पल्स ऑक्सिमीटर व थर्मल स्कैनर की खरीदी जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही एन 95 व ट्रिपल लेयर मास्क तथा पीपीई किट की पर्याप्त मात्रा में खरीदी करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने जिन आयुष चिकित्सकों की कोविड में ड्यूटी नहीं लगी है उन्हें आवश्यकता अनुसार कोविड मैनेजमेंट के विभिन्न कार्यों में लगाने के लिए कहा। मितानिन द्वारा गांवों में किये जा रहे किट वितरण व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने बिहान की दीदियों से मास्क बनवाकर मितानिनों को प्रदान करने के लिए कहा।

इस दौरान एडीएम राजेन्द्र कटारा, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**मरीजों से बात कर लेते रहें फीडबैक-** कलेक्टर सिंह ने होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की फॉलोअप और हेल्थ अपडेट के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 167 चिकित्सक होम आइसोलेटेड मरीजों के फॉलोअप में लगे हुए हैं। मरीजों के जरूरत के अनुसार उनको हॉस्पिटल में भी शिफ्ट कराया जाता है। कलेक्टर सिंह ने सहायक कलेक्टर को होम आइसोलेटेड के साथ अस्पताल में मरीजों से बात कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। साथ ही होम आइसोलेटेड लोगों के घर के बाहर लाल निशान बनाने व उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए भी कहा। कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कॉलेज और केआईटी में बढ़े बेड के अनुसार सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। इस दौरान उन्होंने एक्टिव सर्विलांस और कोविड मरीजों के हॉस्पिटल शिफ्टिंग की समीक्षा की।

सैंपल देने वाले हर व्यक्ति मोबाइल नंबर करें वेरीफाई

कलेक्टर सिंह ने सभी कोविड अस्पतालों में उपलब्ध बेड की जानकारी रियल टाइम में अपडेट करने तथा इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कोविड सैंपल देने आए लोगों के मोबाइल नंबर वेरिफिकेशन को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। जिससे पॉजिटिव मरीजों को तत्काल ट्रेस किया जा सके। फ्रंट लाइन वर्कर्स के टीकाकरण के लिए आयी नई गाइडलाइन्स के अनुसार फ्रंट लाइन वर्कर का सर्टिफिकेट जारी करने अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया।

**बॉर्डर पर सख्ती से हो जांच-** कलेक्टर सिंह ने बॉर्डर एरिया से जिले में आ रहे व्यक्तियों की जांच और उनको क्वारेन्टीन किए जाने की समीक्षा की। उन्होंने दिशा-निर्देशों के तहत 72 घंटे के भीतर का नेगेटिव रिपोर्ट वालों को जाने देने और शेष लोगों में लक्षण युक्त व्यक्तियों की जांच करने व रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें कोविड केयर सेंटर या आईसोलेशन में भेजने के लिये कहा।

# सड़क पर मिली मोबाइल ईमानदार वेंडर ने चौंक पर खड़े पुलिसकर्मियों को किया वापस



**रायगढ़।** आज के समय में मोबाइल केवल कॉल करने के लिए ही नहीं बल्कि उपयोगकर्ता मोबाइल पर अपने निजी फोटो/विडियो, बैंकिंग सहित अन्य जरूरी दस्तावेज सहेज कर रखता है। ऐसे में मोबाइल का गुम हो जाना उस मोबाइल स्वामी के लिए अनावश्यक उत्पन्न परेशानी है। ऐसी ही कुछ परेशानी आज संजय कॉम्प्लेक्स में रहने वाले किशन अग्रवाल को हुई किंतु अच्छी बात यह रही कि आज एक ईमानदार वेंडर गुम मोबाइल को मोबाइल स्वामी तक पहुंचाने के लिए चौक पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को वापस किया गया है।

जानकारी के अनुसार संजय कांपलेक्स में रहने वाले व्यवसायी किशन अग्रवाल सब्जी, वगैरह खरीदने बाजार आए थे।खरीदारी करते वक्त कब उनका मोबाइल सड़क पर गिर गिरा उन्हें पता ही नहीं चला। वे घर चले गए। गुम मोबाइल सड़क पर गिरी हुई एक वेंडर को मिली जिसने सुभाष चौक पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को मोबाइल वापस किया। कोतवाली थाने से ड्यूटी कर रहे सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा द्वारा मोबाइल में लास्ट कॉल पर कॉल किए तो मोबाइल किशन अग्रवाल की पत्नी कॉल उठाई जिन्हें उनका मोबाइल लेने चौक पर बुलाए और किशन अग्रवाल के चौक पर आने पर उन्हें मोबाइल सुपुर्द किया गया है।

### कृषि क्षेत्र के कार्यों हेतु दुकान एवं गोदाम तथा उर्वरक ट्रकों की आवाजाही के लिये मिली अनुमति

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना वायरस कोविड-19 के नये वेरियन्ट के संक्रमण के कारण राज्य/जिले में धनात्मक मरीजों की संख्या में वृद्धि को देखते हुये रायगढ़ जिले के संपूर्ण सीमाक्षेत्र को 16 मई 2021 तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। कंटेनमेंट अवधि के दौरान पूर्व में हुये आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जिसके तह कृषि क्षेत्र में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनरी उपकरण में ट्रेक्टर, ट्राली, थ्रेसर, रोटावेटर, हार्वेस्टर को शामिल कर विक्रय और उनकी मरम्मत के लिये दुकानों/गोदामों के खोलने एवं उर्वरक ट्रकों की आवाजाही प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक की अनुमति होगी। आदेश की शेष शर्तें पूर्ववत यथावत रहेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# 45 प्लस वालों के कोविड टीकाकरण का दूसरा डोज लगाने में रायगढ़ जिला राज्य में पहले पायदान पर

### » 18 प्लस वालों को भी सबसे अधिक टीके रायगढ़ जिले में ही लगे हैं



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में कोरोना वायरस से बचाव के लिए जिले में वैक्सीनेशन का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों ये लिए निजी एवं सरकारी अस्पतालों में वैक्सीनेशन का कार्य तेजी से हो रहा है। रायगढ़ जिले को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को टीकाकरण कार्य हेतु दूसरे डोज के लिए 3 लाख 6 हजार 51 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 10 मई 2021 तक 66 हजार 649 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है। जो लक्ष्य का 21.77 प्रतिशत है। यह पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है तथा 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के टीकाकरण कार्य में रायगढ़ जिला राज्य में पहले पायदान पर है। इसी तरह 18 से 44 वर्ष आयु में 8988 लोगों का टीकाकरण हुआ है। इनमें अंत्योदय श्रेणी में 7298, बीपीएल में 837 तथा एपीएल 853 लोग शामिल है। इस मामले में भी रायगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान पर है और इस श्रेणी में भी सर्वाधिक टीके रायगढ़ जिले में ही लगे हैं

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल ने बताया कि कोविड टीके की दो डोज लगाया जाता है। जिसमें कोविशील्ड टीके के पहले डोज के 6 हफ्ते के बाद और को-वैक्सीन टीके के 4 हफ्ते के बाद दूसरा डोज लगाया जाता है। डॉ.पटेल ने बताया कि अभी लगभग 18 प्रतिशत लोगों को टीके का दूसरा डोज लगाया गया है। पहले डोज के बाद 4 से 6 हफ्ते का गैप आता है। यह समय जैसे-जैसे पूरा हो रहा है लोग टीका लगवा रहे हैं।

# कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की ली वर्चुअल बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज जिला जल स्वच्छता मिशन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति एवं निविदाओं की स्वीकृति के अनुमोदन पर चर्चा की। उन्होंने ग्रीष्म काल में पेयजल की व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के निर्देश दिये एवं विकासखण्डवार स्थापित हैण्डपंप, नलजल प्रदाय योजना, स्थल जल प्रदाय योजना एवं वर्तमान में चालू सिंगल फेस पावर पंप की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी हैण्डपंप बिगड़े है उसे तत्काल सुधार कराकर चालू कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुये पूरी गुणवत्ता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

ईई पीएचई संजय सिंह ने बताया कि रेट्रोफिटिंग, नवीन सिंगल विलेज एवं सोलर आधारित योजनायें तैयार कर प्रस्तुत की गई है। जिसमें 66 रेट्रोफिटिंग, 68 सिंगल विलेज योजना एवं 118 सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजनाओं के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया गया है। जिसमें रेट्रोफिटिंग में 66 योजनाओं के लिये 44 निविदायें जारी की गई है। जिसमें से 25 निविदा खोली जा चुकी है। 18 में कार्यादेश जारी किया जा चुका है। इसी प्रकार सिंगल विलेज के 68 योजनाओं के लिये 46 निविदा जारी की गई है। जिसमें से 16 निविदा खोली जा चुकी है व 4 में कार्यादेश जारी किया जा चुका है। सोलर योजना अंतर्गत 118 योजनाओं के लिये 23 निविदायें जारी की गई है जिसमें से 5 निविदा खोली जा चुकी है व 2 में कार्यादेश दिये जा चुके है।

क्रेडा को सोलर पम्प हेतु जारी राशि में किये गये कार्य में माह मार्च की स्थिति में 60 प्रतिशत के मान से राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि फ्लोराईड अधिकता वाले बसाहटों में 9 नये फ्लोराईड रिमूव्हल प्लांट की प्रशासकीय स्वीकृति प्रस्तावित है। विकासखण्डवार वर्तमान में 2696 सिंगल फेस पावर पंप चालू हालत में है। बंद पड़े ग्रामीण नलजल प्रदाय योजना को चालू करने की दिशा में सतत् कार्य किये जा रहे है। जहां पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गया है उसे सुधार हेतु कार्यवाही की जा रही है एवं सीधे पंपिग के माध्यम से योजना चालू है। जिला लैब का भवन निर्माण कार्य जारी है, जो आगामी 3 माह में तैयार हो जायेगा। भवन निर्माण पश्चात लैब को एनएबीएल मान्यता दिलाने हेतु अन्य सारी प्रक्रियायें की जा रही है। इ स अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोरोना पर नियंत्रण के लिए 11.42 लाख लोगों को दी गई दवा किट

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 11 लाख 42 हजार 358 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामॉल, विटामिन-सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के कई जिलों में अच्छे परिणाम आए हैं और वहां संक्रमण की दर में गिरावट आई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक कोरोना के लक्षण वाले चार लाख 74 हजार 760 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले चार लाख 94 हजार 796 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले एक लाख 72 हजार 802 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

# 4 लोगों की असामायिक मृत्यु पर वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़ ।** अनुविभाग सारंगढ़ एवं धरमजयगढ़ अंतर्गत 4 लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत संबंधित एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सारंगढ़ के ग्राम-कटेली निवासी साधना चौहान की 19 दिसम्बर 2018 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति महाबीर चौहान को 4 लाख रुपये, तहसील बरमकेला के ग्राम-पेवरा निवासी छोटेदाई की 19 सितम्बर 2020 को आकाशीय गाज से मृत्यु होने पर उनके पति हरिशंकर निषाद को 4 लाख रुपये, तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-रैरूमाखुर्द निवासी-सुखसिंह मांझी की 18 दिसम्बर 2020 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी बिहानी को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-हाटी के ठेपू उर्फ नीलाम्बर की 3 अक्टूबर 2020 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता चन्दर सिंह को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# बेरहम कोरोना से दो मासूम बच्चे हुए अनाथ, दूधमुंहा बालक और 5 साल की बच्ची अब बुढ़ी दादी के भरोसे

### » पुसौर पुलिस ने ली बच्चों की सुध, राशन आदि की मदद कर परिवार का बंधाये ढांढस



**रायगढ़।** कोरोना वायरस का संक्रमण कई परिवारों को आजीवन वेदनाएं दे रहा है। इसी बीच थाना पुसौर अंतर्गत ग्राम औरदा के एक परिवार के दो सदस्यों की कोरोनावायरस से मृत्यु पर उनका परिवार बिखर चुका है। इस भयावह महामारी में डेढ़ साल के दूधमुंहे बच्चे तथा 5 साल की बच्ची के सिर से माता पिता का साया छिन गया। बच्चों की स्थिति जानने बस्तर से थाना प्रभारी, कोड़ेनार द्वारा थाना प्रभारी पुसौर को कॉल कर वस्तुस्थिति बताए।

दरअसल ग्राम औरदा पुसौर निवासी भागीरथी ओग्रे बासानार हायर सेकेंडरी स्कूल, जगदलपुर, जिला बस्तर में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे तथा उनकी पत्नी संतोषी ओग्रे और बालक उमेश करीब 2 साल एवं पुत्री पल्लवी उम्र 5 साल के साथ बासानार, थाना कोड़ेनार में निवासरत थे। गत दिनों भागीरथी ओग्रे एवं संतोषी ओरे का कोविड-19 से अकस्मात निधन हो जाने पर उन पर आश्रित दोनों बच्चों को जगदलपुर कलेक्टर द्वारा थाना प्रभारी कोड़ेनार के माध्यम से जिला रायगढ़ उनके गृहग्राम भेजने की व्यवस्था कराए। थाना प्रभारी कोड़ेनार जिनका उनसे कोई रिश्ता नाता नहीं है परंतु मानवीय संवेदनाएं और दोनों मासूम बच्चों के अनाथ होने का दर्द कहीं ना कहीं उनके मन में था और बच्चों की स्थिति जानने के लिए वे व्याकुल थे। इस कारण आज सुबह वे थाना प्रभारी पुसौर (सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव) को कॉल कर दोनों बच्चों के अनाथ होने की जानकारी दिए व बच्चों की मदद करने कहा गया । जिस पर एएसआई यादव, नायब तहसीलदार माया अंचल व थाना स्टाफ के साथ ग्राम औरदा पहुंचे। जहां मासूम बच्चों और परिवार की स्थिति देख सभी भावुक हो गए। ग्राम सरपंच ने बताया कि भागीरथी ओग्रे इकलौता पुत्र था जिसके परिवार में केवल उसकी वृद्ध मां है। कल रात ही दोनों बच्चें औरदा आए हैं।थाना प्रभारी पुसौर द्वारा परिवार के लिए सुखा राशन व बच्चों के लिए बिस्किट, मिक्सर वह अन्य खाने की वस्तुएं की व्यवस्था कराए और स्वर्गीय भागीरथी ओग्रे की मां को ढांढस बंधाए और आगे भी परिवार की हर प्रकार की मदद का आश्वासन दिया गया। नायब तहसीलदार माया अंचल द्वारा भी शासकीय सेवक के वारिशानों को प्राप्त होने वाली सुविधाएं हेतु की जाने की कार्यवाही शीघ्र कराने का आश्वासन दिया गया है। थाना प्रभारी द्वारा ग्राम सरपंच व प्रमुख लोगों को परिवार को किसी प्रकार की समस्या होने पर सूचित करने बताया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480